संपादकीय

# नूंह का सार-संक्षेप

नूंह में प्रशासन ने शांति बनाए रखी। अगर बड़े संदर्भ में देखें, तो इस घटनाक्रम में एक बड़ा संदेश छिपा हुआ है। इससे यह साफ हुआ है कि अगर प्रशासन मुस्तैद हो, तो अशांति और दंगों को रोका जा सकता है।

सावन की आखिरी सोमवारी को हरियाणा के नूंह में शांति बनी रही। प्रशासन की इस बात के लिए तारीफ की जानी चाहिए कि उसने इसके लिए वहां पुख्ता इंतजाम किए। उन्होंने यह सही फैसला किया कि इस अवसर पर परंपरा के मुताबिक लोग स्थानीय स्तर पर जलाभिषेक करें, लेकिन बाहरी लोगों को वहां आकर जुलूस निकालने और सांप्रदायिक तनाव पैदा करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। प्रशासन ने इस निर्णय पर प्रभावशाली अमल भी किया। इस तरह महीने भर पहले ऐसे ही जुलूस के कारण जैसा दंगा भडक़ा था, उसकी आशंकाओं को निर्मूल कर दिया गया। अगर बड़े संदर्भ में देखें, तो इस घटनाक्रम में एक बड़ा संदेश छिपा हुआ है। इससे यह साफ हुआ है कि अगर प्रशासन मुस्तैद हो, तो अशांति और दंगों को रोका जा सकता है। इस बात की पुष्टि आयरलैंड से लेकर अशांति ग्रस्त रहे कई देशों और भारत के सांप्रदायिक दंगों के बारे में हुए अकादमिक अध्ययनों से भी हुई है कि प्रशासन के सचमुच ना चाहने पर पहले तो दंगे भडक़ते ही नहीं हैं, लेकिन असामान्य स्थितियों में ये भडक़ भी गए, तो कुछ घंटों के अंदर उन पर काबू पा लिया जाता है।

लोकतांत्रिक देशों में हुए अध्ययन इस नतीजे पर पहुंचे कि उन दलों के शासनकाल में लंबा खिंचने वाले दंगे लगभग नहीं होते हैं, जिनका सियासी स्वार्थ अल्पसंख्यक समुदायों के वोटों से जुड़ा होता है। यह आम तजुर्बा है कि दंगों में सबसे ज्यादा नुकसान इन्हीं समुदायों को होता है। जबकि आतंकवाद में जान-माल की सबसे ज्यादा हानि बहुसंख्यक समुदाय को उठानी पड़ती है। एक बिंदु पर जाकर ये दोनों परिघटनाओं में संबंध भी कायम हो जाता है। नतीजतन दंगों का होना या उनका जारी रहना अंतत: किसी समुदाय के हित में नहीं होता। इसलिए यह अपेक्षा हर सरकार और प्रशासन से रहती है कि वह दंगों और आतंकवाद के प्रति समान सख्त रुख अपनाए। आशा है कि नूंह के अनुभव से देश भर की सरकारें सबक लेंगी। यह सबको याद रखना चाहिए कि हिंसक घटनाओं से ना सिर्फ देश की बदनामी होती है, बल्कि ऐसी घटनाएं लंबी अवधि में आर्थिक खुशहाली की राह रुकावट भी बनती हैं।

# जीएसटी राजस्व में 11 प्रतिशत का इजाफा, अगस्त में पहुंचा 1.6 लाख करोड़ रुपए पर




**नई दिल्ली।** अगस्त में सकल जीएसटी राजस्व 1,59,069 करोड़ रुपये रहा, जो जुलाई में एकत्र 1,65,105 करोड़ रुपये से 3.6 फीसदी कम है। हालाँकि, यह आंकड़ा अगस्त 2022 के जीएसटी संग्रह से 11 प्रतिशत अधिक था। पिछले साल अगस्त में कुल जीएसटी संग्रह 1,43,612 करोड़ रुपये रहा था।

अगस्त 2023 के लिए जीएसटी राजस्व के रूप में एकत्र किए गए 1,59,069 करोड़ रुपये में से सीजीएसटी 28,328 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 35,794 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 83,251 करोड़ रुपये (माल के आयात पर एकत्र 43,550 करोड़ रुपये सहित) और उपकर 11,695 करोड़ रुपये (वस्तुओं के आयात पर एकत्रित 1,016 करोड़ रुपये सहित) था।

सरकार ने आईजीएसटी से सीजीएसटी में 37,581 करोड़ रुपये और एसजीएसटी में 31,408 करोड़ रुपये स्थानांतरित किये है। नियमित निपटान के बाद अगस्त 2023 में केंद्र और राज्यों का कुल राजस्व सीजीएसटी के लिए 65,909 करोड़ रुपये और एसजीएसटी के लिए 67,202 करोड़ रुपये था। अगस्त 2023 का राजस्व पिछले साल के इसी महीने के जीएसटी राजस्व से 11 प्रतिशत अधिक है।

माह के दौरान, माल के आयात से प्राप्त राजस्व तीन प्रतिशत अधिक था और घरेलू लेनदेन (सेवाओं के आयात सहित) से राजस्व पिछले वर्ष के इसी महीने के दौरान इन स्रोतों से प्राप्त राजस्व से 14 प्रतिशत अधिक था।

इससे पहले शुक्रवार को, राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने गुरुग्राम में एक कार्यक्रम के मौके पर संवाददाताओं से कहा था कि अनुपालन में वृद्धि और कम चोरी के कारण अगस्त 2023 के लिए जीएसटी राजस्व में साल दर साल 11 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है।

उन्होंने कहा, मोटे तौर पर आंकड़े पहले के महीनों की तरह साल-दर-साल 11 प्रतिशत की वृद्धि के दायरे में हैं। इस साल जून की तुलना में जुलाई में सकल जीएसटी राजस्व दो प्रतिशत बढक़र 1,65,105 करोड़ रुपये हो गया। जून 2023 में यह आंकड़ा 1,61,497 करोड़ रुपये था।

मल्होत्रा ने कहा, जून तिमाही के दौरान जीएसटी राजस्व में 11 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई। इसका मतलब है कि कर और जीडीपी का अनुपात 1.3 से अधिक है। उन्होंने कहा था कि जीएसटी संग्रह नॉमिनल जीडीपी से अधिक बढ़ा है और यह कर दरों में कोई वृद्धि नहीं होने के बावजूद है।

# 2000 के नोटों की वापसी को लेकर आरबीआई ने दी बड़ी जानकारी, अब तक 3.32 लाख करोड़ रुपए बैंकिंग सिस्टम में आए वापस



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने 2000 के नोटों की वापसी को लेकर बड़ी जानकारी दी है। उसने कहा है कि अभी तक 3.32 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 2,000 के नोट बैंकिंग सिस्टम में वापस आ गए हैं। आरबीआई के अनुसार करीब चलन में मौजूद 93 फीसदी 2000 के नोट मार्केट से बैंकों में वापस आए हैं। हालांकि, 2000 के नोटों को वापस करने के लिए लोगों के पास अभी भी एक महीने का समय बचा हुआ। 30 सितंबर तक लोग 2000 के नोट बैंकों में वापस कर सकते हैं। या इसे दूसरे नोटों से बदल भी सकते हैं। ऐसे में इस महीने की आखिरी तारीख तक इसका आंकड़ा और बढ़ सकता है।

आरबीआई ने कहा कि 31 अगस्त को कारोबार बंद होने तक मार्केट में करीब 0.24 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 2000 के नोट मौजूद थे। खास बात यह है कि बैंकिंग सिस्टम में आए 3.32 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 2,000 के नोटों में से लगभग 87 प्रतिशत आम जनता के द्वारा जमा किए गए हैं। जबकि, 13 प्रतिशत कम मूल्य वाले बिलों के साथ बदले गए थे। वहीं, आरबीआई ने आम जनता से अपील की है कि उनके पास सितंबर तक 2000 के नोटों को बैंकों में जमा करने का मौका है। इसलिए वे 2000 के नोटों को जल्द से जल्द बैंकों में जमा करें।

# दीक्षा की बढ़त बरकरार, चार भारतीयों ने बनाई कट में जगह



**डबलिन (आयरलैंड)।** बेहतरीन फॉर्म में चल रही भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए आयरिश ओपन महिला गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दौर में तीन अंडर 69 का स्कोर बनाकर अपनी एकल बढ़त बरकरार रखी। दीक्षा ने अंतिम चार होल में तीन बर्डी बनाकर दूसरे दौर का शानदार अंत किया। उन्होंने पहले दौर में सात अंडर 65 का कार्ड खेला था। इस तरह से अब उनका कुल स्कोर 10 अंडर है। उन्होंने नीदरलैंड की ऐनी वान डैम (69-66), भारतीय मूल की अमेरिकी खिलाड़ी गुरलीन कौर (66-69) और इटली की एम्मा ग्रेची (66-69) पर एक शॉट की बढ़त बना रखी है। दीक्षा के अलावा भारत की जिन अन्य खिलाड़ियों ने कट में जगह बनाई उनमें वाणी कपूर (73-70), रिधिमा दिलावरी (72-72) और त्वेसा मलिक (73-72) शामिल हैं। अमनदीप द्राल (75-74) कट में जगह नहीं बना पाने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रही।

# भारत के फीफा विश्वकप क्वालीफायर्स के पहले दो घरेलू मैचों की मेजबानी करेंगे भुवनेश्वर और गुवाहाटी



**नई दिल्ली।** भुवनेश्वर और गुवाहाटी फीफा विश्व कप 2026 और एफसी एशियाई कप 2027 के प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफिकेशन राउंड दो में भारत के पहले दो घरेलू मैचों की मेजबानी करेंगे। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शनिवार को यह जानकारी दी।

भारत को एशियाई क्वालीफायर्स में ग्रुप ए में कतर, कुवैत तथा अफगानिस्तान और मंगोलिया के बीच होने वाले प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफिकेशन राउंड एक के विजेता के साथ रखा गया है।

भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 16 नवंबर को कुवैत के खिलाफ विदेश में होने वाले मैच से करेगी। इसके बाद वह 21 नवंबर को भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में एएफसी एशियाई कप के मौजूदा चैंपियन कतर से भिड़ेगी।

अगले साल भारतीय टीम अफगानिस्तान या मंगोलिया से लगातार दो मैच खेलेगी। इनमें से पहला मैच 21 मार्च को विदेश में खेला जाएगा जबकि दूसरे चरण का मैच 26 मार्च को गुवाहाटी के इंदिरा गांधी स्टेडियम में होगा।

कुवैत के खिलाफ अगले साल छह जून को होने वाले भारत के घरेलू मैच के मैच स्थल की घोषणा बाद में की जाएगी।

# वैश्विक सॉफ्टवेयर कंपनी पेगासिस्टम्स ने की छंटनी, 240 कर्मचारियों को निकाला



**सैन फ्रांसिस्को ।** वैश्विक सॉफ्टवेयर कंपनी पेगासिस्टम्स इस साल दूसरी बार नौकरी में कटौती करते हुए अपने 4 फीसदी कार्यबल यानी लगभग 240 कर्मचारियों की छंटनी कर रही है।

बोस्टन बिजनेस जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका स्थित पेगासिस्टम्स (पेगा) ने पब्लिक फाइलिंग में कहा कि वह अपनी कस्टमर सक्सेस रोल्स के पुनर्गठन का हवाला देते हुए विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में अपने कर्मचारियों में से लगभग 4 प्रतिशत की कटौती करने की योजना बना रही है।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि पेगा को उम्मीद है कि कुछ कटौती से मैसाचुसेट्स राज्य के कर्मचारी प्रभावित होंगे।

कंपनी ने कहा, हमारे ग्राहक जुड़ाव दृष्टिकोण को सरल बनाने और हमारी व्यावसायिक रणनीति को बेहतर समर्थन देने के लिए ये बाजार-टू-मार्केट भूमिकाएं होंगी।

पेगा अपने कार्यबल को पुनर्व्यवस्थित कर रहा है ताकि हमारे ग्राहक जुड़ाव को उन्नत और सरल बनाया जा सके। इस साल जनवरी में, सॉफ्टवेयर कंपनी ने अपने 6,000 से अधिक कर्मचारियों में से 4 प्रतिशत को नौकरी से निकालने की घोषणा की थी। कंपनी की फाइलिंग में कहा गया है कि कार्यबल में कटौती परिचालन मॉडल को बेहतर बनाने के कंपनी के लक्ष्य का हिस्सा है।

कंपनी अपने गो-टू-मार्केट ऑपरेटिंग मॉडल को बेहतर बनाने के लिए विस्तृत समीक्षा में लगी हुई थी। अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) के साथ एक फाइलिंग में, फर्म ने कहा कि 2022 की चौथी तिमाही में नकद विच्छेद और बर्खास्त कर्मचारियों के लिए लाभ लागत से संबंधित 18.9 मिलियन डॉलर का शुल्क लगने की संभावना है।

उत्तरी अमेरिका, यूरोप और एशिया प्रशांत में तीन क्षेत्रीय मुख्यालयों के साथ कंपनी के वैश्विक स्तर पर लगभग 6,500 कर्मचारी थे।

# जेट एयरवेज के फाउंडर नरेश गोयल गिरफ्तार, 538 करोड़ के बैंक धोखाधड़ी मामले में ईडी ने किया अरेस्ट



**नई दिल्ली ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को केनरा बैंक में 538 करोड़ रुपये की कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में बीती देर रात गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि यहां केंद्रीय एजेंसी के कार्यालय में लंबी पूछताछ के बाद उन्हें धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत हिरासत में ले लिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि गोयल (74) को शनिवार को मुंबई में एक विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किए जाने की उम्मीद है, जहां ईडी उन्हें हिरासत में दिये जाने का अनुरोध करेगी। धनशोधन का मामला केनरा बैंक में 538 करोड़ रुपये के कथित धोखाधड़ी मामले में जेट एयरवेज, गोयल, उनकी पत्नी अनीता और कंपनी के कुछ पूर्व अधिकारियों के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी से सामने आया है।

प्राथमिकी बैंक की शिकायत पर दर्ज की गई थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि उसने जेट एयरवेज (इंडिया) लिमिटेड (जेआईएल) को 848.86 करोड़ रुपये के ऋण मंजूर किए थे, जिनमें से 538.62 करोड़ रुपये बकाया हैं।

# 'ड्रीम गर्ल 2' ने 60 करोड़ का आंकड़ा किया पार



आयुष्मान खुराना और अनन्या पांडे स्टारर रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'ड्रीम गर्ल 2' को पहले दिन से बॉक्स ऑफिस पर शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है. एक बार फिर पूजा की अदाओं को देखने के लिए सिनेमाघरों में जमकर भीड़ उमड़ रही है इसी के साथ फिल्म जमकर कमाई भी कर रही है. चलिए जानते हैं 'ड्रीम गर्ल 2' ने रिलीज के 7वें दिन कितने करोड़ का बिजनेस किया है?

'ड्रीम गर्ल 2' को बॉक्स ऑफिस पर पहले से जमी बैठी गदर 2 और ओएमजी 2 से मुकाबला करना पड़ा. हालांकि आयुष्मान खुराना की फिल्म को भी दर्शकों से भरपूर प्यार मिला है. फिल्म का ओपनिंग वीकेंड शानदार रहा था. वहीं वीकडेज में भी 'ड्रीम गर्ल 2' ने अच्छा कलेक्शन किया है. वहीं बुधवार को फिल्म की कमाई में 27.77 फीसदी का इजाफा हुआ था और इसने 7.5 करोड़ का बिजनेस किया. वहीं अब 'ड्रीम गर्ल 2' की रिलीज के 7वें दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं.

रिपोर्ट के मुताबिक 'ड्रीम गर्ल 2' ने गुरुवार को भारत में शानदार 8 करोड़ रुपयो का कारोबार किया है. इसी के साथ 'ड्रीम गर्ल 2' की 7 दिनों की कुल कमाई अब 67.50 करोड़ रुपये हो गई है.

अब तक, 'ड्रीम गर्ल 2' बॉक्स ऑफिस पर 'गदर 2' की मजबूत लहर का सामना करने में कामयाब रही है. हालांकि आयुष्मान और अनन्या की फिल्म के लिए आगे की डगर काफी चुनौती भरी रहेगी. दरअसल सुपरस्टार शाहरुख खान की एक्शन थ्रिलर 'जवान' 7 सितंबर को रिलीज हो रही है.

# विद्या बालन की मर्डर मिस्ट्री फिल्म नीयत ओटीटी प्लेटफॉर्म पर हुई रिलीज




बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन की फिल्म नीयत 7 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और इसे दर्शकों और आलोचकों से मिश्रित समीक्षा मिली। सिनेमाघरों में रिलीज होने के लगभग दो महीने बाद, मर्डर मिस्ट्री इस फिल्म एक सितंबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध हो गई है। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर घोषणा की, झूठ को बेनकाब करना, एक समय में एक संदिग्ध उपस्थिति! नीयत ऑनप्राइम, अभी देखें। इस फिल्म में विद्या बालन ने सीबीआई अधिकारी मीरा राव की भूमिका निभाई है, जो एक अरबपति की रहस्यमय हत्या की जांच करने की प्रभारी है। विद्या बालन के अलावा, फिल्म में राम कपूर, प्राजक्ता कोली, राहुल बोस, शशांक अरोड़ा, शहाना गोस्वामी, नीरज काबी, अमृता पुरी और शेफाली शाह जैसे कई कलाकार शामिल हैं।

# इन फलों को खाने के बाद गलती से भी ना पिएं पानी



फल सेहत का खजाना होता है. विटामिन्स, मिनरल्स, फाइबर, कैल्शियम और आयरन जैसे पोषक तत्वों से भरपूर फल खाने के अनगिनत फायदे होते हैं. हालांकि, फल खाने के भी नियम और सावधानियां होती है. कुछ चीजों के साथ फलों का सेवन नुकसानदायक हो सकता है. बहुत से लोग खाने के साथ दिन-दोपहर या रात में किसी भी चीज के साथ फल खा लेते हैं, जो बिल्कुल भी सही नहीं है. फल खाने के बाद पानी पीना भी खतरनाक हो सकता है. ये सेहत के लिए भारी पड़ सकता है. आइए जानते हैं 5 ऐसे फलों के बारें में जिन्हें खाने के बाद अगर पानी पीते हैं तो पेट से जुड़ी कई समस्याएं हो सकती हैं.

**केला-** ऊर्जा का तगड़ा सोर्स केला पोटैशियम से भरपूर होता है. कब्ज और पेट की समस्या से राहत पाने में केला फायदेमंद माना जाता है लेकिन अगर केला खाने के बाद पानी पीते हैं तो पाचन तंत्र बिगड़ सकता है.

**अमरूद-** फाइबर, विटामिन ए और विटामिन सी के साथ फोलिक एसिड, पोटैशियम और कॉपर से भरपूर अमरूद खाने से पाचन से जुड़ी समस्याएं दूर हो जाती हैं. लेकिन अगर अमरूद खाने के बाद पानी पीना खतरनाक हो सकता है. इससे डाइजेशन खराब हो सकता है.

**अनार-** अनार के लाल दाने शरीर में खून बढ़ाने और इम्यून सिस्टम को मजबूत करने के काम आते हैं. इसे खाने के बाद गलती से भी पानी नहीं पीना चाहिए. अगर आप अनार खाने के बाद पानी पी लेते हैं तो मतली, एसिडिटी और उल्टी की समस्या हो सकती है.

**खट्टे फल-** खट्टे फल जैसे- संतरा, आंवला, अंगूर और मौसंबी खाने के बाद भी पानी नहीं पीना चाहिए. ऐसा करने से शरीर का पीएच लेवल गड़बड़ा सकता है. इससे पाचन तंत्र डिस्टर्ब हो सकता है.

**तरबूज-** शरीर में पानी की कमी को पूरा करने में तरबूत काफी फायदेमंद होता है. हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक, तरबूज खुद पानी वाला फल है लेकिन इसे खाने के बाद अगर पानी पीते हैं तो पाचन तंत्र बिगड़ सकता है. इससे लूज मोशन की समस्या भी हो सकती है.


# शब्द सामर्थ्य- 173

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 172 का हल



# सू-दोकू- 173

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें ... वर्गों का एक खंड बनता है। 2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है। 3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.172 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

# आज का राशिफल

**मेष:** आज का दिन निश्चित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी विशेष काम के लिए आपने भाई से मदद लेनी पड़ सकती है। परिवार के किसी सदस्य के विवाह में यदि कोई बाधा आ रही थी तो वह आज दूर होगी कोई अच्छा रिश्ता आएगा।

**वृष:** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको अपने किसी जरूरी काम की समय रहते सुध-बुध लेना पड़ेगा अन्यथा आपका काम पीछे छूट जाएगा। इस राशि के विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मिथुन:** आज का दिन आपके लिए विशेष रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको परिवार के सदस्यों के सेहत का ध्यान रखने की जरूरत है। यदि आप किसी यात्रा पर जाने का विचार कर रहे हैं तो आप माता-पिता से बातचीत करके जाए।

**कर्क:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपको बिजनेस में मन मुताबिक लाभ मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। आप अपने खर्च पर नियंत्रण करने का प्लान बनाएंगे।

**सिंह:** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आप जिस भी नए काम की शुरुआत करेंगे, वह समय से पूरा होगा। आप परिवार के सदस्यों के साथ किसी पिकनिक पर जाने की योजना बना सकते हैं।

**कन्या:** आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आपका किसी भी नए मकान, दुकान, वाहन आदि को खरीदने का सपना पूरा होगा। संतान की तरफ से आज आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है, परिवार में ख़ुशी का माहौल बनेगा।

**तुला:** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। बिजनेस कर रहे लोगों की कोई बड़ी डील फाइनल होने से अच्छा लाभ मिलेगा। आपका कोई मित्र आज आपसे आर्थिक संबंधी समस्या को लेकर बातचीत कर सकता है।

**वृश्चिक :** आज दिन मिला-जुला रहने वाला है। आप अपने मन मे चल रही किसी बात को अपने पिताजी से शेयर कर सकते हैं। बिजनेस कर रहे लोग यदि किसी प्रकार का लोन लेना चाहते हैं, तो आज आवेदन कर सकते हैं।

**धनु :** आज दिन खर्चा भरा रहने वाला है। आपका आज किसी नए वाहन को खरीदने का सपना पूरा होगा। आपको किसी अनजान व्यक्ति पर आंख मूंदकर भरोसा करने से बचना चाहिए।

**मकर :** आज का दिन आपके के लिए बढिय़ा रहने वाला है। सेहत के लिहाज से दिन अच्छा रहने वाला है। आपका कोई मित्र आपसे मिलने आपके घर पर आएंगे, उनके साथ अलग-अलग पकवानों का आनंद उठाएंगे।

**कुंभ:** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। बिजनेस कर रहे लोगों के लिए आज का दिन व्यस्तता भरा रहने वाला है, आपकी मेहनत के अनुसार आपको लाभ भी मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपको प्रमोशन मिलने से खुशी होगी।

**मीन:** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको किसी निवेश से अच्छा लाभ मिलेगा। आप अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए कुछ नया प्लान तैयार करेंगे, जो आपके लिए कारगर साबित होगा।